रोम रोम मेरा शिव बोले

हे शिव भोले मुझपर दो ऐसा रंग चढ़ाय,
रोम रोम मेरा शिव बोले, मन बोले नमःशिवाय.....

हे शिव शंकर, हे करुणाकर, हे त्रिभुवन के स्वामी,
हे रामेश्वर, जय महाकाल, श्री नागेस्वर अन्तर्यामी,
हे बैधनाथ, हे सोमनाथ, तुम भोले दिगम्बराय,
रोम रोम मेरा शिव बोले, मन बोले नमःशिवाय,
हे शिव भोले मुझपर दो ऐसा रंग चढ़ाय......

मन मेरा शिवाला हो, ओर दिल मे हो तेरी मूरत,
जब जब भी आंखे खोलू, मेरे सामने तेरी हो सूरत,
अब रहे न तुमसे दूरी, कर दो ऐसा उपाय,
रोम रोम मेरा शिव बोले, मन बोले नमःशिवाय,
हे शिव भोले मुझपर दो ऐसा रंग चढ़ाय.......

स्वार्थ भरी दुनिया मे भोले, एक आसरा तेरा,
पक्का है विश्वास मुझे, तू भर देगा दामन मेरा,
दिलबर दिल से दिल का, ये तार जुड़ जाय,
रोम रोम मेरा शिव बोले, मन बोले नमःशिवाय,
हे शिव भोले मुझपर दो ऐसा रंग चढ़ाय......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29351/title/rom-rom-mera-shiv-bhole

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |